# CSIR-National Aerospace Laboratories
# Bengaluru – 560017

No A12024/07/2025-Rect. 11.11.2025

## NOTIFICATION

Sub: Provisional Answer Key of Written Examination for the Post of Hindi Officer (CSIR-NAL Advt. No 07/2025) -reg.

Ref: CSIR-NAL Advertisement No.07/2025

The Written Examination for recruitment to the post of Hindi Officer (CSIR-NAL Advt. No. 07/2025) was held on 11.11. 2025 (10:30 AM to 12:30 PM.). The Question paper & Provisional Answer key for written exam are annexed.

The candidates who have appeared in the above-mentioned Written Examination can raise challenge(s), if any, against the Provisional Answer Key during the period from 11.11.2025 to 16.11.2025, Sunday (17:00 hrs).

Representation(s) if any against Provisional Answer Key may be submitted only through e-mail to recruitment.nal@csir.res.in with the subject **"Advt. No. 07/2025 – Representation for the Provisional Answer Key"** duly enclosing documentary evidence in support of his/her challenge on or before 16.11.2025 (17:00 hrs). The representation(s) received after 16.11.2025 (17:00 hrs) will not be considered under any circumstances. Representations/ Challenges for the Provisional Answer Key received through any other mode i.e. letter, other email ids, phone, application etc. will not be entertained.

Challenges made by the candidates through the mail will be verified by the experts and if found correct, the answer key will be revised accordingly. The decision of the Competent Authority of CSIR-NAL in this regard will be final and binding on the candidates. Based on the Final Answer Key, the result will be prepared and no further challenges/representations on the subject shall be entertained.

Candidates are advised to check their email as well as CSIR-NAL website www.nal.res.in regularly for further updates.

No Interim or Telephonic enquiry or correspondence will be entertained.

The interview of the candidates declared successful in the written examination shall be conducted on 28.11.2025. Detailed instructions for the same shall be uploaded/shared with the candidates shortly.

Sd/-

**Date: 11.11.2025** **Sr. Controller of Administration**

# सीएसआईआर – राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाएं, बेंगलुरु

# CSIR – NATIONAL AEROSPACE LABORATORIES, BENGALURU

**हिंदी अधिकारी / HINDI OFFICER (लिखित परीक्षा / Written Examination – OMR आधारित / OMR Based)**

**अधिकतम अंक / Maximum Marks: 300** **समय / Duration: 2 घंटे / 2 Hours**

## सामान्य निर्देश / General Instructions

I. प्रश्नों का प्रकार / Type of Questions: 100 बहुविकल्पीय प्रश्न / 100 Multiple Choice Questions (MCQs)

II. परीक्षा का माध्यम / Medium of Examination: हिंदी / Hindi

III. प्रत्येक प्रश्न समान अंक का होगा। / Each question carries equal marks.

IV. नकारात्मक अंकन / Negative Marking:प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के कुल अंकों का 1/3 अंक काटा जाएगा।यदि किसी प्रश्न का उत्तर नहीं चुना गया है, तो कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
For every wrong answer, 1/3 of the marks allotted to that question will be deducted. If no option is chosen for a question, *no marks will be deducted.

V. उत्तर पत्रक (OMR शीट) पर सही गोला भरने के लिए केवल नीले या काले बॉल प्वॉइंट पेन का उपयोग करें।
Use only Blue or Black Ball Point Pen to darken the correct circle on the OMR Answer Sheet.

VI. अपने रोल नंबर और प्रश्न पुस्तिका संख्या को स्पष्ट रूप से प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक दोनों पर लिखें।
Write your Roll Number and Question Booklet Number clearly on both the Question Booklet and OMR Sheet.

VII. परीक्षा समाप्ति के बाद OMR उत्तर पत्रक परीक्षक को अवश्य जमा करें।
After the examination, return the OMR Answer Sheet to the Invigilator.

VIII. रफ कार्य केवल प्रश्न पुस्तिका में दिए गए स्थान पर करें।
Do rough work only in the space provided in the question booklet.

IX. मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में वर्जित हैं।
Mobile phones, calculators, smart watches, or any electronic devices are strictly prohibited in the examination hall.

X. कृपया सुनिश्चित करें कि आपको पूरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त हुई है। यदि कोई पृष्ठ गायब है या स्पष्ट नहीं है, तो तुरंत परीक्षक को सूचित करें।
Please ensure that you have received the complete Question Booklet. If any page is missing or illegible, immediately inform the invigilator.

उम्मीदवार का विवरण / Candidate Details

रोल नंबर / Roll No.: ______________________

तारीख / Date: ______________________

# सीएसआईआर - राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएँ, बेंगलूरु
# CSIR-National Aerospace Laboratories, Bengaluru
## हिंदी अधिकारी की भर्ती की परीक्षा का प्रश्नपत्र
## Question paper for the exam. of Hindi officer

आबंटित समय : 2 घंटे    कुल प्रश्नों की संख्या : 100    कुल अंक : 300

नोट : निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उनके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है।

प्रश्न-1 : `सरस्वती` पत्रिका के यशस्वी संपादक थे?
(1) मैथिलीशरण गुप्त (2) भारतेंदु (3) महावीर प्रसाद द्विवेदी (4) जयशंकर प्रसाद

प्रश्न-2 : फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कहाँ हुई थी?
(1) दिल्ली (2) हैदराबाद (3) कोलकता (4) बेंगलूर

प्रश्न-3 : ए, ऐ, ओ, औ देवनागरी के कैसे वर्ण हैं?
(1) ह्रस्व स्वर (2) दीर्घ व्यंजन (3) संयुक्त व्यंजन (4) संयुक्त स्वर

प्रश्न-4 : `साकेत` के रचनाकार कौन हैं?
(1) निराला (2) पंत (3) गुप्त (4) प्रसाद

प्रश्न-5 : निम्नलिखित में से छायावादी कवि कौन हैं?
(1) प्रतापनारायण मिश्र (2) भारतेंदु (3) जयशंकर प्रसाद (4) महावीर प्रसाद द्विवेदी

प्रश्न-6 : महादेवी वर्मा को उनकी कौन सी कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?
(1) नीहार (2) सांध्यगीत (3) दीपशिखा (4) यामा

प्रश्न-7 : प्रयोगवाद के प्रमुख कवि कौन हैं?
(1) अज्ञेय (2) रघुवीर सहाय (3) कुँवर नारायण (4) केदारनाथ सिंह

प्रश्न-8 : प्रगतिवादी काव्य पर किसका प्रभाव था?
(1) रवींद्रनाथ टैगोर (2) गांधी जी (3) कार्ल मार्क्स (4) टॉलस्टॉय

प्रश्न-9 : `भारत दुर्दशा` नाटक के नाटककार हैं?
(1) भीष्म साहनी (2) भारतेंदु (3) प्रसाद (4) मोहन राकेश

प्रश्न-10 : `अजात शत्रु` के नाटककार हैं?
(1) विश्वंभरनाथ शर्मा (2) गोविंद वल्लभ पंत (3) जयशंकर प्रसाद (4) उदयशंकर भट्ट

प्रश्न-11 : `परख` उपन्यास के रचनाकार हैं?
(1) अज्ञेय (2) रांगेय राघव (3) जैनेंद्र (4) यशपाल

प्रश्न-12 : देवनागरी लिपि में कितने व्यंजन वर्ग हैं?
(1) 5 (2) 10 (3) 8 (4) 17

प्रश्न-13 `मैला आँचल` उपन्यास का नायक कौन है?
(1) सोहनदास (2) बावनदास (3) महेंद्रदास (4) किशनदास

प्रश्न-14 : `रंगभूमि` उपन्यास के रचनाकार हैं?
(1) प्रेमचंद (2) यशपाल (3) अमृतलाल नागर (4) नागार्जुन

प्रश्न-15 : `बड़े घर की बेटी` के कहानीकार का नाम है?

(1) भीष्म साहनी (2) शरद जोशी (3) प्रेमचंद (4) महावीर प्रसाद द्विवेदी

प्रश्न-16 : `अतीत के चलचित्र` के रचनाकार का नाम है?

(1) बनारसीदास चतुर्वेदी (2) रामबृक्ष बेनीपुरी (3) महादेवी वर्मा (4) देवेन्द्र सत्यार्थी

प्रश्न-17 : `हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास` किसने लिखा है?

(1) मिश्रबंधु (2) रामचंद्र शुक्ल (3) गणपतिचंद्र गुप्त (4) बच्चन सिंह

प्रश्न-18 : `स्मृति की रेखाएँ` किसका संस्मरण है?

(1) महादेवी वर्मा (2) श्रीनिधि विद्यालंकार (3) विष्णु प्रभाकर (4) श्रीराम शर्मा

प्रश्न-19 : भारत में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना कब हुई थी?

(1) 1935 (2) 1936 (3) 1937 (4) 1934

प्रश्न-20 : संस्कृत, हिंदी, हिंदी की बोलियों, मराठी, कोंकणी, नेपाली आदि भाषाओं की लिपि कौन सी है?

(1) नागरी (2) ब्राचड़ (3) देवनागरी (4) खरोष्ठी

प्रश्न-21 : हिंदी के प्रयोग संबंधी राष्ट्रपति के आदेश कब जारी हुए?

(1) 1952, 1955 और 1960 (2) 1953, 1956 और 1959 (3) 1951, 1954 और 1957 (4) 1950, 1953 और 1958

प्रश्न-22 : त, थ, द, ध, न देवनागरी के कैसे वर्ण हैं?

(1) तालव्य व्यंजन (2) दीर्घ व्यंजन (3) दंत्य व्यंजन (4) कंठ्य व्यंजन

प्रश्न-23 : भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में कौन सी भाषा समाविष्ट नहीं है?

(1) हिंदी (2) संस्कृत (3) सिंधी (4) अंग्रेजी

प्रश्न-24 : राजभाषा आयोग की रचना कब की गई?

(1) 1 दिसंबर, 1951 (2) 7 जून, 1955 (3) 7 जून, 1959 (4) 7 जून, 1960

प्रश्न-25 : राजभाषा अधिनियम किस वर्ष बनाया गया?

(1) 1951 (2) 1955 (3) 1963 (4) 1960

प्रश्न-26 : राजभाषा (संशोधित) अधिनियम किस वर्ष बनाया गया?

(1) 1951 (2) 1975 (3) 1967 (4) 1969

प्रश्न-27 : संसद द्वारा राजभाषा संकल्प किस वर्ष पारित किया गया?

(1) 1948 (2) 1955 (3) 1963 (4) 1968

प्रश्न-28 : राजभाषा नियम किस वर्ष बनाए गए?

(1) 1975 (2) 1976 (3) 1977 (4) 1978

प्रश्न-29 : केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना कब हुई?

(1) 1 मार्च, 1971 (2) 7 मार्च, 1976 (3) 8 दिसंबर, 1977 (4) 1 जुलाई, 1978

प्रश्न-30 : भारत सरकार ने स्वतंत्र राजभाषा विभाग की स्थापना कब की?

(1) 13 मार्च, 1978 (2) 26 जून, 1975 (3) 8 दिसंबर, 1980 (4) 1 जुलाई, 1990

प्रश्न-31 : भारत सरकार ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब की?

(1) 13 मार्च, 1972 (2) 26 जून, 1951 (3) 8 दिसंबर, 1960 (4) 1 अक्टूबर, 1961

प्रश्न-32 : भारत सरकार ने केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना कब की?

(1) 1960 (2) 1961 (3) 1962 (4) 1963

प्रश्न-33 : भारत सरकार ने शिक्षा मंत्रालय में हिंदी एकक की स्थापना कब की?

(1) 1950 (2) 1951 (3) 1965 (4) 1966

प्रश्न-34 : केंद्रीय हिंदी संस्थान का मुख्यालय कहाँ है?
(1) दिल्ली (2) आगरा (3) मुम्बई (4) चेन्नई
प्रश्न-35 : केंद्रीय हिंदी निदेशालय का मुख्यालय कहाँ है?
(1) दिल्ली (2) आगरा (3) इलाहाबाद (4) कोलकता
प्रश्न-36 : निर्वैयक्तिक भाषारूप का प्रयोग प्रयोजनमूलक हिंदी की किस प्रयुक्ति में होता है?
(1) कार्यालयी (2) विज्ञापन (3) साहित्य (4) कविता
प्रश्न-37 : भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी भाषा के विकास के निर्देश दिए गए हैं?
(1) अनुच्छेद - 343 (2) अनुच्छेद - 345 (3) अनुच्छेद - 350 (4) अनुच्छेद - 351
प्रश्न-38 : संविधान के किस अनुच्छेद में संघ या राज्य में प्रयुक्त भाषा में अभ्यावेदन देने का अधिकार है?
(1) अनुच्छेद - 344 (2) अनुच्छेद - 348 (3) अनुच्छेद - 351 (4) अनुच्छेद - 350
प्रश्न-39 : संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य की राजभाषा या राजभाषाओं के संबंध में प्रावधान हैं?
(1) अनुच्छेद - 343 (2) अनुच्छेद - 344 (3) अनुच्छेद - 345 (4) अनुच्छेद - 351
प्रश्न-40 : संविधान के किस अनुच्छेद से देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी भाषा संघ की मुख्य राजभाषा है?
(1) अनुच्छेद - 351 (2) अनुच्छेद - 350 (3) अनुच्छेद - 344 (4) अनुच्छेद - 343
प्रश्न-41 `बिल्लेसुर बकरिहा` किसकी रचना है?
(1) पंत (2) महादेवी वर्मा (3) निराला (4) प्रसाद
प्रश्न-42 इनमें से कौन सा उपन्यास अज्ञेय का नहीं है?
(1) शेखर एक जीवनी (2) नदी के द्वीप (3) दादा कामरेड (4) अपने-अपने अजनबी
प्रश्न-43 : भारतीय संविधान में भाषा संबंधी प्रावधान कौन से भाग में हैं?
(1) भाग-5, 6, और 17 (2) भाग-8, 9, और 18 (3) भाग-1,2 और 3 (4) भाग-7, 8, और 20
प्रश्न-44 : भारतीय संविधान की अष्टम् अनुसूची में अब तक कितनी भाषाएँ दर्ज हैं?
(1) 14 (2) 15 (3) 18 (4) 22
प्रश्न-45 : सूरदास के जीवन पर आधारित उपन्यास का नाम है?
(1) मानस का हंस (2) सेवा सदन (3) खंजन नयन (4) भाग्यवती
प्रश्न-46 : निम्नलिखित में से कौन सी रचना जायसी की नहीं है?
(1) पद्मावत (2) अखरावट (3) चंदायन (4) आखिरी कलाम
प्रश्न-47 : `मंत्रा` सॉफ्टवेयर को किसने विकसित किया है?
(1) गूगल (2) सी-डैक (3) गुजरात (4) बिहार
प्रश्न-48 : आधुनिक काल में लिखा गया खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य कौन सा है?
(1) साकेत (2) कामायनी (3) प्रिय प्रवास (4) अंधा युग
प्रश्न-49 : हिंदी साहित्य के रीति काल को काव्य की दृष्टि से कितने भागों में बाँटा गया है?
(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच
प्रश्न-50 : `सरस्वती` पत्रिका ने निराला की किस रचना को अस्वीकृत कर दिया था?
(1) राम की शक्ति पूजा (2) जुही की कली (3) जागो फिर एक बार (4) कुकुरमुत्ता
प्रश्न-51 : संक्षिप्त नाम DNS का अर्थ है?
(1) डोमेन संख्या प्रणाली (2) डेटा नेटवर्किंग सेवा (3) डोमेन की नामांकन प्रणाली

(4) डेटा नेटवर्क सुरक्षा

प्रश्न-52 : नेटवर्किंग में फाइबर ऑप्टिक केबल्स में ताँबे की केबल्स का मुख्य लाभ क्या है?

(1) स्थापना की कम लागत (2) उच्च बैंडविड्थ और विद्युत चुंबकीय हस्तक्षेप से सुरक्षा

(3) रखरखाव और मरम्मत में आसानी (4) पुराने उपकरणों के साथ बेहतर संगतता

प्रश्न-53 : कंप्यूटर के प्रोसेसर की गति इनमें से किसमें मापी जाती है?

(1) गीगा हर्टज (2) बॉड (3) BPS (4) MIPS

प्रश्न-54 : सीपीयू के दो मुख्य घटक कौन से है?

(1) ALU और BUS (2) कंट्रोल यूनिट और ALU (3) कंट्रोल यूनिट और रजिस्टर

(4) रजिस्टर और मुख्य मेमोरी

प्रश्न-55 : स्टोरेज डिवाइस में सूचना के प्रत्येक टुकड़े को उसके स्थान के लगभग समान समय में पढ़ने और लिखने की क्षमता का नाम क्या है?

(1) सीक्वेंशियल एक्सेस (2) रोस्टर स्केन (3) खोज (4) रैंडम एक्सेस

प्रश्न-56 : एप्पल कंप्यूटर प्रणाली द्वारा कौन सा ओपरेटिंग सिस्टम प्रयोग में लाया जाता है?

(1) लाइनक्स (2) विंडोज (3) सोलरिस (4) मैक

प्रश्न-57 : निम्नलिखित में से कौन सा हार्डवेयर सीपीयू, मेमोरी और इनपुट/आउटपुट डिवाइस जैसे कंप्यूटर के विभिन्न महत्वपूर्ण घटकों को एक साथ रखता है?

(1) हार्ड डिस्क ड्राइव (2) मदर बोर्ड (3) कंट्रोल यूनिट (4) एएलयू

प्रश्न-58 : निम्नलिखित में से कौन 25 का बाइनरी समतुल्य है?

(1) 11010 (2) 11001 (3) 10111 (4) 10101

प्रश्न-59 : HTML पेज को पढ़ने और उसे रेंडर करने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है?

(1) वेब सर्वर (2) वेब मैट्रिक्स (3) वेब ब्राउजर (4) वेब गरिमा

प्रश्न-60 : किसी तालिका को शीर्षक देने के लिए किस तत्व का उपयोग किया जाता है?

(1) कैप्शन (2) हेडलाइन (3) शीर्षक (4) हेडिंग

प्रश्न-61 : आधुनिक वेब अनुप्रयोगों की खास विशेषता क्या है?

(1) हेरफेर करने के लिए दस्तावेज को लोड करना जरूरी है

(2) दस्तावेज को लोड किए बिना सामग्री को बदला जा सकता है

(3) दस्तावेज को लोड किए बिना सामग्री को नहीं बदला जा सकता

(4) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न-62 : आईटी अधिनियम 2000 में साइबर आतंकवाद के लिए कौन सी धारा में सजा का प्रावधान है?

(1) 66 (ए) (2) 66 (बी) (3) 66 (एफ) (4) 45 (एफ)

प्रश्न-63 : शिक्षा मंत्रालय की कौन सी ICT पहल संस्थानों/विश्वविद्यालयों के लिए ई गवर्नेंस से संबंधित है?

(1) समर्थ (2) विद्वान (3) स्वयं (4) स्वयं प्रभा

प्रश्न-64 : निम्नलिखित में से कौन सा विवरण ई गवर्नेंस के लिए उपयुक्त है?

(1) नागरिकों को संलग्न, सक्षम और उपयुक्त बनाना (2) नागरिकों को निष्पक्ष बनाना

(3) प्रौद्योगिकी संचालित शासन प्रदान करना (4) ई कॉमर्स अनुप्रयोगों में लोगों का विश्वास

प्रश्न-65 : भारत में सरकारी निकायों को नेटवर्किंग और ई-गवर्नेंस कौन प्रदान करता है?

(1) NIC (2) NASSCOM (3) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (4) भारतीय इंटरनेट बैंक

प्रश्न-66 : निम्नलिखित में से कौन सा मोबाइल भुगतान एप्लिकेशन नेशनल पेमेंट्स कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा यूपीआई पर आधारित है?

(1) MYGov (2) BHIM (3) UMANG (4) Phonepe

प्रश्न-67 e-RaKAM पोर्टल किसके कल्याण से संबंधित है?

(1) किसान (2) खनन उद्योग (3) छात्र (4) आयकरदाता

प्रश्न-68 राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) की सहायता से PMO टीम द्वारा किसे इन हाउस डिजाइन किया गया है?

(1) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस (2) प्रगति (3) डिजिटल इंडिया (4) भारत

प्रश्न-69 कायाकल्प नामक राष्ट्रीय पहल किस मंत्रालय द्वारा शुरू की गई?

(1) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (2) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(3) महिला एवं बाल कल्याण विकास (4) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

प्रश्न-70 निम्नलिखित में से कौन सा वित्त ई-गवर्नेंस का उदाहरण है?

(1) खाद्य वितरण एप्स (2) ऑन लाइन शॉपिंग

(3) सोशल नेटवर्किंग साइट्स (4) ऑन लाइन बैंकिंग

प्रश्न-71 निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक कल्याण ई-गवर्नेंस का उदाहरण है?

(1) यात्रा बुकिंग (2) ऑन लाइन शॉपिंग

(3) सामाजिक सुरक्षा प्रणालियाँ (4) ऑन लाइन बैंकिंग

प्रश्न-72 विशेषणों की विशेषता बताने वाले को क्या कहते हैं?

(1) प्रविशेषण (2) सार्वनामिक विशेषण

(3) प्रश्नवाचक विशेषण (4) संख्यावाचक विशेषण

प्रश्न-73 हिंदी में हालावाद के प्रवर्तक कौन हैं?

(1) डॉ. नगेंद्र (2) हरिवंशराय बच्चन (3) हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) बाबू श्याम सुंदर दास

प्रश्न-74 'काला घोड़ा तेज दौड़ता है' में क्रिया विशेषण है?

(1) घोड़ा (2) काला (3) तेज (4) दौड़ता है

प्रश्न-75 'ध्यानपूर्वक' शब्द निम्नलिखित में से क्या है?

(1) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण (2) कालवाचक क्रिया विशेषण

(3) स्थानवाचक क्रिया विशेषण (4) रीतिवाचक क्रिया विशेषण

प्रश्न-76 निम्नलिखित में से कौन सा समुच्चयबोधक विशेषण नहीं है?

(1) दर्जन (2) जोड़ा (3) सतसई (4) कुछ

प्रश्न-77 'कमीज के लिए डेढ़ मीटर कपड़ा चाहिए' - में किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?

(1) गुणवाचक (2) प्रश्नवाचक (3) संख्यावाचक (4) परिमाणवाचक

प्रश्न-78 `पापी` में कौन सा विशेषण है?

(1) संख्यावाचक विशेषण (2) सार्वनामिक विशेषण

(3) गुणवाचक विशेषण (4) परिमाणवाचक विशेषण

प्रश्न-79 'ढाई सौ रुपये' में कौन सा विशेषण निहित है?

(1) पूर्ण संख्याबोधक (2) अपूर्ण संख्याबोधक (3) प्रश्नवाचक (4) संख्यावाचक

प्रश्न-80 `चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है` - इस वाक्य में 'चौथा' क्या है?

(1) क्रियाविशेषण (2) संख्यावाचक विशेषण (3) गुणवाचक विशेषण (4) सर्वनाम

प्रश्न-81 'सुन्दर' विशेषण का रूप स्त्रीलिंग में क्या होगा?

(1) सुन्दरी (2) सुन्दरा (3) सुन्दर (4) सुन्दरम

प्रश्न-82 'मोटा' कौन सा विशेषण है?

(1) गुणवाचक (2) संख्यावाचक (3) परिमाणवाचक (4) प्रश्नवाचक

प्रश्न-83 'हंस' किस तरह की एक पत्रिका है?

(1) दैनिक (2) मासिक (3) वार्षिक (4) त्रिवार्षिक

प्रश्न-84 'सा' के प्रयोग से किस तरह के विशेषण का बोध होता है?

(1) गुणवाचक (2) सार्वनामिक (3) तुलनाबोधक (4) परिमाणवाचक

प्रश्न-85 'पवित्रता' से कौन सा विशेषण बनेगा?

(1) पवित्र (2) पवित्रात्मा (3) पवित्रत्वा (4) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-86 `विशालकाय दैत्य दौड़ा` - इस वाक्य में कौन-सा पद विशेषण है?

(1) विशालकाय (2) दैत्य (3) दौड़ा (4) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-87 'पुस्तकें धड़ाधड़ बिक रही हैं', इस वाक्य में 'धड़ाधड़' शब्द क्या है?

(1) क्रिया-विशेषण (2) विशेषण (3) क्रिया (4) प्रविशेषण

प्रश्न-88 'उत्कर्ष एक कुशाग्र विद्यार्थी है'- यहाँ `कुशाग्र` शब्द में कौन सा विशेषण है?

(1) परिमाणबोधक (2) सार्वनामिक (3) संख्यावाचक (4) गुणवाचक

प्रश्न-89 'राम की गाय बहुत काली है' वाक्य में 'काली' शब्द क्या है?

(1) सर्वनाम (2) क्रिया (3) विशेषण (4) प्रविशेषण

प्रश्न-90 'रमेश की पुस्तक पुरानी है'- इस वाक्य में 'पुस्तक' शब्द है?

(1) विशेष्य (2) विशेषण (3) क्रिया-विशेषण (4) सर्वनाम

प्रश्न-91 'उस ग्रन्थ में 500 पृष्ठ हैं' - इस वाक्य में 'उस' शब्द है?

(1) गुणवाचक विशेषण (2) परिमाणवाचक विशेषण (3) संकेतवाचक विशेषण
(4) व्यक्तिवाचक विशेषण

प्रश्न-92 'यह चाँदी खोटी सी दिखती है'- इस वाक्य में 'खोटी सी' विशेषण का प्रकार है?

(1) गुणवाचक विशेषण (2) संख्यावाचक विशेषण (3) परिमाण बोधक विशेषण
(4) पूर्णांक बोधक विशेषण

प्रश्न-93 निम्नलिखित शब्दों में कौन सा शब्द विशेषण है?

(1) पाँचवाँ (2) प्रपंच (3) सरपंच (4) पहुँच

प्रश्न-94 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द क्रिया-विशेषण है?

(1) अँधेरा (2) धीरे-धीरे (3) चाल-चलन (4) सुन्दर

प्रश्न-95 'प्रतिदिन' किस प्रकार का क्रिया-विशेषण है?

(1) रीतिवाचक (2) परिमाणवाचक (3) स्थानवाचक (4) कालवाचक

प्रश्न-96 जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे क्या कहते हैं?

(1) सर्वनाम (2) विशेषण (3) क्रिया (4) अव्यय

प्रश्न-97 `रुकोगी नहीं राधिका' की लेखिका कौन हैं?

(1) मृदुला गर्ग (2) मन्नू भंडारी (3) उषा प्रियंवदा (4) कृष्णा सोबती

प्रश्न-98 इनमें से कौन सा उपन्यास प्रेमचंद का नहीं है?

(1) कर्मभूमि (2) रंगभूमि (3) तितली (4) गोदान

प्रश्न-99 आचार्य रामचंद्र शुक्ल का निबंध संग्रह इनमें से कौन सा है?

(1) अशोक के फूल (2) चिंतामणि (3) विचार और वितर्क (4) रसज्ञरंजन

प्रश्न-100 `साये में धूप` के रचनाकार इनमें से कौन हैं?

(1) कुमार विकल (2) विनोद शुक्ल (3) दुष्यंत कुमार (4) राजेश जोशी

## उत्तर कुंजी (Answer key)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 3 | 33. | 2 | 67. | 1 |
| 2. | 3 | 34. | 2 | 68. | 2 |
| 3. | 4 | 35. | 1 | 69. | 4 |
| 4. | 3 | 36. | 1 | 70. | 4 |
| 5. | 3 | 37. | 4 | 71. | 3 |
| 6. | 4 | 38. | 4 | 72. | 1 |
| 7. | 1 | 39. | 3 | 73. | 2 |
| 8. | 3 | 40. | 4 | 74. | 3 |
| 9. | 2 | 41. | 3 | 75. | 4 |
| 10. | 3 | 42. | 3 | 76. | 4 |
| 11. | 3 | 43. | 1 | 77. | 4 |
| 12. | 1 | 44. | 4 | 78. | 3 |
| 13. | 2 | 45. | 3 | 79. | 2 |
| 14. | 1 | 46. | 3 | 80. | 2 |
| 15. | 3 | 47. | 2 | 81. | 1 |
| 16. | 3 | 48. | 3 | 82. | 1 |
| 17. | 4 | 49. | 2 | 83. | 2 |
| 18. | 1 | 50. | 2 | 84. | 3 |
| 19. | 2 | 51. | 3 | 85. | 1 |
| 20. | 3 | 52. | 2 | 86. | 1 |
| 21. | 1 | 53. | 1 | 87. | 1 |
| 22. | 3 | 54. | 2 | 88. | 4 |
| 23. | 4 | 55. | 4 | 89. | 3 |
| 24. | 2 | 56. | 4 | 90. | 1 |
| 25. | 3 | 57. | 2 | 91. | 3 |
| 26. | 3 | 58. | 2 | 92. | 1 |
| 27. | 4 | 59. | 3 | 93. | 1 |
| 28. | 2 | 60. | 1 | 94. | 2 |
| 29. | 1 | 61. | 1 | 95. | 4 |
| 30. | 2 | 62. | 3 | 96. | 2 |
| 31. | 4 | 63. | 1 | 97. | 3 |
| 32. | 1 | 64. | 3 | 98. | 3 |
| | | 65. | 1 | 99. | 2 |
| | | 66. | 2 | 100. | 3 |